प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक, धन–बल के अनाधिकृत आवाजाही पर अंकुश लगाने का दिया निर्देश।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा–भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किये जा रहे हैं कई कार्य।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हो रहे जनसंख्या परिवर्तन पर की सुनवाई, केंद्र सरकार से सीएए के तहत कार्रवाई करने की संभावनाओं पर मांगी राय।
4. बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से ईडी की पूछताछ दूसरे दिन भी जारी, रंगदारी, अवैध बालू खनन और जमीन कब्जे से जुड़े मामले में हो रही है पूछताछ।
5. राज्य में पिछले दो दिनों से हुई बारिश ने लोगों को दी गर्मी से राहत, मौसम विभाग के अनुसार ग्यारह अप्रैल तक तेज रफ्तार के साथ चलेंगी हवाएं।

***************

लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने अवैध नगदी, अवैध शराब, मादक पदार्थों और अन्य वस्तुओं की आवाजाही की रोकथाम को लेकर संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की। निर्वाचन भवन स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए धन–बल के जोखिम पर अंकुश लगाने का निदेश दिया।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने दिखा दिया है कि उसके लिए कुछ भी हासिल करना असंभव नहीं है। आज उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि लक्ष्य कितना भी कठिन क्यों न हो, यदि भारत संकल्प कर ले तो वह निश्चित रूप से उसे हासिल करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रेरणा और ऊर्जा के साथ उनकी सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार दुनिया से मदद मांगती थी लेकिन कोरोना महामारी के दौरान भारत ने दुनिया भर में दवाएं और वैक्सीन भेजी। उन्होंने कहा जब देश मजबूत होता है तो दुनिया उसकी बात सुनती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कृषि उत्पादन में पीलीभीत के महत्व का उल्लेख किया और किसानों को समर्थन देने के सरकार के प्रयासों की चर्चा की।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने गिरफ्तार किया है। अदालत ने ईडी को सद्दाम की चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। ईडी 12 अप्रैल तक मोहम्मद सद्दाम से पूछताछ करेगी। ईडी ने मोहम्मद सद्दाम के

ठिकाने पर पिछले वर्ष छापेमारी की थी, उस दौरान ईडी ने लगभग 36 जमीन के डीड बरामद किए थे। यह सभी डीड रांची के अलग–अलग इलाकों में स्थित जमीन के थे।

***************

धनबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में शिक्षकों की बहाली को लेकर आज से साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू की गई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***************

संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में आज सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव से सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) के तहत केंद्र सरकार द्वारा संथाल परगना के पांच जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई करने पर राय मांगी। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस बिंदु पर केंद्र सरकार के अधिवक्ता को तीन सप्ताह में केंद्र सरकार से निर्देश लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो मई निर्धारित की है।

***************

शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी और ईडी रिमांड को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केजरीवाल अपराध की आए के उपयोग और इसे छिपाने में सक्रिए रूप से शामिल थे।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय उपचुनाव में महागठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने आज गिरिडीह में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने झामुमो के पंचायत सतरीय नेताओ से संवाद करके चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

***************

एम्स देवघर में मौलिक सुविधाएं बहाल करने के मामले में हाईकोर्ट में कल सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय लिया गया। आग्रह को स्वीकार करते हुए जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने 23 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि कुछ विभागों का शपथपत्र दाखिल हो गया है, कुछ का जवाब अभी नहीं आया है। गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने एम्स में मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनहित याचिका दायर की है।

***************

देश में मंदिर परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए संगीत नाटक अकादमी, कला प्रवाह की श्रृंखला के तहत, नवरात्रि के दौरान शक्ति संगीत और नृत्य का त्योहार आज से शुरू किया गया। अकादमी 9 से 17 अप्रैल  तक देश के विभिन्न हिस्सों में देवघर के जयदुर्गा शक्तिपीठ सहित सात अलग–अलग शक्तिपीठों पर शक्ति शीर्षक के तहत मंदिर परंपराओं का जश्न मनाने वाला उत्सव आयोजित करेगी।

****************

<u>मतदाता जागरूकता से जुड़ी खबरें</u>

- लोकसभा चुनाव को लेकर जमशेदपुर को– ऑपरेटिव कॉलेज में मतदान कर्मियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल भी पहुंचे और सभी मतदान कर्मियों को संबंधित जानकारी दी।
- जमशेदपुर स्थित करीम सिटी कॉलेज में वोट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के तीन सौ छात्र – छात्राओं के बीच चुनाव आवेदन पत्र 6 का वितरण किया गया।
- गोड्डा कॉलेज में अंडरग्रैजुएट और पोस्टग्रेजुएट छात्र–छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया. छात्र– छात्रों के साथ कॉलेज के प्रोफेसरों को मतदान की शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।
- पाकुड सदर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 36 पंचायतो के पंचायत सहायकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान 80 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने और सभी बूथों पर आधारभूत सुविधाएं बहाल करने को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। इधर स्वीप कार्यक्रम के तहत हिरनपुर प्रखण्ड में स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं से 1 जून को मतदान करने की अपील की।

****************

आईपीएल क्रिकेट में आज चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच अब से थोड़ी देर बाद शुरू होगा। वहीं, कल चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया है। 1 सौ 38 रन के लक्ष्य के जवाब में चेन्नई की टीम ने 17 ओवर 4 गेंद में 3 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए।

****************

राज्य में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला है। कई जिलों में हुई बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आयी है। रांची में दिन का तापमान 11 डिग्री तक नीचे आया है। मौसम विभाग ने बताया है कि 11 अप्रैल तक ऐसी स्थिति बने रहने की उम्मीद है। कई जिलों में तेज रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और वज्रपात की भी संभावना है।

*******समाप्त*******